Regarding mobile connectivity in Kokrajhar

श्री जयन्त बसुमतारी **(**कोकराझार**) :** माननीय सभापति जी, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र कोकराझार, जो बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन में आता है, की तरफ दिलाना चाहता हूं ।? (व्यवधान)

महोदय, यह इलाका भारत-भूटान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बसा हुआ है । इस पूरे इलाके में भारतीय मोबाइल नेटवर्क की स्थिति बहुत खराब है । इस इलाके में कक्राझा, बक्सा, तामोलपुर, चिरांग और उदालगुरी में मोबाइल सर्विस की हालत बहुत खराब है क्योंकि कॉल ड्राप रेट 80 परसेंट तक हो जाता है । मेरे संसदीय क्षेत्र, इन इलाकों और सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकारी तथा प्राइवेट कंपनियों के मोबाइल टावरों की आवश्यकता है । इससे अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को मोबाइल कनेक्टिविटी मिलेगी और मोबाइल कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा । इन इलाकों में सीमा सुरक्षा बल, एसएसबी के सभी कैम्प्स में यही समस्या है । एक या दो कैम्प्स को छोड़कर किसी भी कैम्प में भारतीय मोबाइल नेटवर्क काम नहीं करता है ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस विषय पर तुरंत ध्यान दें और इस क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की स्थिति ठीक करने के लिए उचित कदम उठाएं ।

**12.37 hrs** (Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)